ई–मेल–**prrajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने बोरवेल में गिरी बच्ची को सकुशल निकाले जाने पर राज्य सरकार, एन॰डी॰आर॰एफ॰, एस॰डी॰आर॰एफ॰ सहित पूरे बचाव–दल को बधाई दी

पटना, 01 अगस्त 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने मुंगेर में बोरवेल में गिरी मासूम बच्ची सना (सन्नो) की प्राण–रक्षा हो जाने पर अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त की है। राज्यपाल ने सफलतापूर्वक बचाव–कार्य संचालित किए जाने के लिए बचाव–दल में शामिल एन॰डी॰आर॰एफ॰, एस॰डी॰आर॰एफ॰ के सभी कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्थानीय नागरिकों आदि को बधाई दी है। राज्यपाल ने माननीय मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार को भी कुशल मार्ग–दर्शन के लिए धन्यवाद दिया है।

राज्यपाल श्री मलिक ने कहा है कि पूरे देशवासियों की दुआओं और बचाव–दल में शामिल सभी कर्मियों के लगातार कठिन प्रयासों का ही परिणाम है कि मासूम बच्ची सना की जान बचायी जा सकी है। बरसाती मौसम में लगभग 30 घंटों तक एन॰डी॰आर॰एफ॰, एस॰डी॰आर॰एफ॰ एवं अन्य आपदा–प्रबंधन से जुड़े कर्मियों के प्रयासों की सफलता पर राज्यपाल ने खुशी जाहिर की है।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि सना शीघ्र चिकित्सकीय उपचार से पूर्ण स्वस्थ हो जाएगी।

....